हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 31 जुलाई 2025

04 औसत आंकड़े के लगभग आधे के पास पहुंची बारिश...



08 समाज को नशा मुक्त बनाना है तो दो स्तरों पर कार्य करना...






## खबर संक्षेप

### लोक सेवा केन्द्र पर लगा 1500 रू का अर्थदंड

**नर्मदापुरम।** जिला प्रबंधक, लोक सेवा आनंद झेरवार द्वारा 16 मई 2025 को लोक सेवा केंद्र माखननगर का निरीक्षण किया गया और लोक सेवा केन्द्र में पाई कमियों के संबंध में संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। संचालक लोक सेवा केंद्र माखननगर द्वारा प्रस्तुत जवाब संतोषजनक नहीं होने के कारण विभिन्न प्रकार की कमियों की पुष्टि होती है। RFP में निहित प्रावधानों के अंतर्गत लोक सेवा केंद्र का संचालन नहीं करने पर शेखर एसोसिएट, रीवा संचालक, लोक सेवा केंद्र माखननगर के विरुद्ध रू 1500 का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है।

### दुर्घटना में सहायता करने वाले होंगे पुरस्कृत

**नर्मदापुरम।** सड़क दुर्घटनाओं के बाद स्वर्णिम घंटा के भीतर समय पर चिकित्सा सहायता मिलने से अनेक जीवन बचाए जा सकते हैं। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए मध्यप्रदेश शासन द्वारा ₹राह-वीर योजना₹ संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत यदि कोई नागरिक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को एक घंटे के भीतर अस्पताल पहुँचाता है, तो उसे 25 हजार रूपए नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा।

### स्मार्ट मीटर की भ्रांतियां दूर करने आम सभा कल

**नर्मदापुरम।** मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा आम उपभोक्ताओं के लिए स्मार्ट मीटर से होने वाले लाभ और स्मार्ट मीटर को लेकर जनसामान्य में फैली भ्रांतियों को दूर करने हेतु इटारसी संभाग में एक आम सभा का आयोजन किया जा रहा है। कंपनी ने बताया है कि यह आम सभा आगामी 1 अगस्त को सुबह 11 बजे से इटारसी में आयोजित होगी। सोनासांवारी पंचायत भवन में आयोजित इस आम सभा में प्रशासन की ओर से तहसीलदार एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

डिस्ट्रीक्ट हॉस्पिटल में शुरू हुई डायलिसि व्यवस्था

# तीन शिफ्ट, चार मशीनें और 250 जिंदगियां, नर्मदापुरम जिला अस्पताल की डायलिसिस यूनिट बनी उम्मीद की किरण, प्रतीक्षा सूची हुई कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले के किडनी रोगियों के लिए अब राहत की नई शुरुआत हो चुकी है। जिला अस्पताल की डायलिसिस यूनिट अब चार मशीनों और तीन शिफ्टों में संचालित हो रही है, जिससे हर महीने लगभग 250 मरीजों को जीवनदायिनी सुविधा मिल रही है। इस यूनिट का संचालन डॉ. सुनील जैन की देखरेख में किया जा रहा है, जबकि तकनीकी ज़िम्मेदारी जितेंद्र अहीरवार संभाल रहे हैं। पूर्व में सीमित संसाधनों और समय की बाध्यता के कारण मरीजों को अपनी बारी के लिए लंबा इंतज़ार करना पड़ता था, लेकिन अब समयबद्ध शिफ्ट व्यवस्था से हर मरीज को समय पर उपचार मिल पा रहा है। डायलिसिस यूनिट सिर्फ नर्मदापुरम जिले तक सीमित नहीं, बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी मरीज इलाज के लिए यहां आ रहे हैं। अस्पताल प्रबंधन की सक्रियता और सुचारु संचालन के कारण अब प्रतीक्षा सूची पूरी तरह खत्म हो चुकी है।




डॉ. सुनील जैन, डायलिसिस नोडल प्रभारी कहते हैं कि ₹डायलिसिस एक जीवन रक्षक प्रक्रिया है। यहां उपलब्ध सुविधा से न केवल जिले बल्कि आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को भी लाभ मिल रहा है।

हम प्रयासरत हैं कि हर जरूरतमंद को समय पर इलाज मिले और उन्हें इधर-उधर भटकना न पड़े। इस सुचारु व्यवस्था से न सिर्फ मरीजों को बल्कि उनके परिवारों को भी मानसिक और आर्थिक राहत मिली है। यह व्यवस्था आने वाले समय में और मरीजों की ज़रूरतों को पूरा करने में सक्षम साबित हो सकती है।

#### हमने बनाई व्यवस्था

लंबे समय से डायलिसिस मशीन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। वहीं मरीजों की सुविधाओं को देखते हुए हमने डायलिसिस मशीनों को हमने व्यवस्थित किया। पहले मैन पॉवर की परेशानी थी जो अब दूर हुई है। 3 शिफ्टो में काम बांटकर ड्यूटी लगा दी है ताकि मरीजों को हर समय इस मशीन की सुविधा मिल सके। कंपनी को भी मॉनिटरिंग ठीक कर उन्हें निर्देशित किया गया है कि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होना चाहिए।

**नरसिंह गहलोत, सीएमएचओ**

नाराज किसानों ने किया चक्काजाम, रोके वाहनों के पहिए

# मूंग खरीदी की कछुआ चाल किसानों के लिए बन रही है परेशानी का सबब

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में किसानों ने पिपरिया-नर्मदापुरम स्टेट हाईवे पर आधा घंटे जाम लगाए रखा। वह शोभापुर में गणेश वेयरहाउस में मूंग खरीदी में देरी होने से नाराज थे। करीब आधे घंटे किसान नारेबाजी करते रहे। चक्काजाम लगने से वाहन नहीं निकाले जा सके। सूचना मिलते ही एसडीएम अनिल जैन, एसडीओपी संजू पटेल, थाना प्रभारी ऊषा मरावी मौके पर पहुंचे।

किसानों से उनकी समस्या पूछी। किसानों ने कहा मूंग खरीदी इतनी देरी से हो रही कि हमें 7, 8 दिन इंतजार करना पड़ रहा है। खरीदी केंद्रों पर तोल कांटे बढ़ाकर तुलाई कराना चाहिए। ताकि हम लोगों को बारिश में खुले में परेशानी न हो। हमारी समस्या का समाधान किया जाएं। नर्मदांचल में मूंग खरीदी में किसान परेशान हैं।

प्रशासन द्वारा धीमी गति से की जा रही मूंग खरीदी को लेकर किसानों ने विरोध जताते हुए ने मूंग उपार्जन में गति लाने की मांग की।



#### तुलाई में हो रही देरी

7 जुलाई से मूंग की खरीदी जारी है। स्लॉट बुकिंग, उपार्जन केंद्रों पर खरीदी में देरी समेत अन्य परेशानी किसानों को हो रही हैं।शोभापुर के भटगांव रोड स्थित गणेश वेयरहाउस पर भी खरीदी धीमी गति से चल रही थी। परेशान किसानों का गुस्सा फूट पड़ा और वे नर्मदापुरम पिपरिया स्टेट हाईवे पर आकर चक्काजाम लगा दिए। एसडीएम जैन, एसडीओपी ने किसानों को समझाइश दी। जिसके बाद किसानों ने चक्काजाम खत्म किया।

#### नहीं है पुख्ता इंतजाम

मूंग खरीदी को प्रारंभ हुए 24 दिन हो चुके हैं परंतु किसानों की समस्याएं दिनों दिन बढ़ती ही जा रही है, पहले दो दिन ग्रेडिंग के लिए लाईन फिर तीन दिन तुलाई के लिए कतार लगानी पड़ रही है। इस तरह एक किसान अपने खेत, परिवार और अन्य कार्य छोड़कर अनावश्यक सड़कों पर रात गुजार रहा है वहीं जिले में भारी बारिश का दौर जारी है ऐंसे में प्रशासन द्वारा कहीं भी पुख्ता इंतजाम नहीं किये गये जो परेशानी का कारण बने हैं।

#### मूंग खरीदी बिल बनाने पर की आपरेटर से मारपीट

सेमरी मंडी में मूंग खरीदी दौरान ऑपरेटर के साथ किसान द्वारा मारपीट किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जिसकी सोहागपुर पुलिस थाने में प्राथमिकी भी ऑपरेटर द्वारा दर्ज कराई गई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार फरियादी राजेश पिता अशोक रघुवंशी 39 वर्ष निवासी शास्त्री वार्ड सोहागपुर के द्वारा इस आशय की प्राथमिकी भगवान सिंह गुर्जर निवासी चौरहिट थाना सोहागपुर के खिलाफ दर्ज कराई गई है। जिसके अनुसार फरियादी अशोक कृषि मंडी सेमरी हरचंद में मंडी सेवा सहकारी समिति में कंप्यूटर ऑपरेटर का काम करता है। मंगलवार 29 जुलाई 2025 को शाम 5:30 बजे फरियादी किसानों के मूंग खरीदी का बिल बना रहा था, जहां समिति प्रबंधक भी उपस्थित थे। तभी भगवान सिंह चौधरी अपने साथी सौरव पटेल के साथ आए और बोले कि सौरव की मूंग खरीदी का बिल बना दो। फरियादी राजेश आपरेटर ने कहा कि पहले और किसानों का बिल बना रहा हू और उसके बाद ही आपका नंबर आएगा। इसी बात को लेकर भगवान दास ने राजेश रघुवंशी को गालियां दी, मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी। वहीं भगवान सिंह ने फरियादी का कंप्यूटर भी उठाया तथा पटक दिया। भगवान सिंह ने टेबल पर रखी किसानों की पर्चियां फाड़ कर फेंक दी। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने मारपीट, जान से मारने की धमकी एवं नुकसानी की धाराओं का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## आफत की हुई बारिश, खतरे के निशान पर पहुंचीं नर्मदा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम, रायसेन और महाकौशल के कई क्षेत्रों में तीन दिनों से लगातार तेज बारिश हो रही है। इस बारिश के चलते बरगी, बारना और तवा डैम के गेट खोलकर पानी छोड़ा जा रहा है, जिससे नर्मदा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ा है। बुधवार रात्रि 8 बजे सेठानी घाट पर जलस्तर 963.10 फीट दर्ज किया गया, जो खतरे के निशान (964 फीट) से सिर्फ 1.60 फीट नीचे है। नर्मदा नदी किनारे बसे सोहागपुर के ग्राम सांकला में घरों में पानी घुस गया। सुरक्षा के चलते 7 परिवार के 28 लोगों को सुरक्षित स्थान स्कूल में शिफ्ट कराया गया। नर्मदा नदी में बढ़ते जलस्तर के चलते सेठानी घाट से डोंगरवाड़ा गांव जाने वाला रास्ता बंद हो गया है। यहां नाले में बैकवॉटर का पानी भर गया है। इसी तरह माखननगर के भटवाड़ी में बैकवॉटर आने से माखननगर और नसीराबाद के बीच संपर्क टूट गया है।

#### 963.10 फिट पर है नर्मदा

वर्तमान में सेठानी घाट का जलस्तर 963.10 फीट है, तवा जलाशय का 1159.50 फीट है, सेठानी घाट का खतरे का स्तर 964.00 फीट है वहीं बरगी जलाशय का 418.65 मीटर एवं बारना जलाशय 347.24 मीटर दर्ज किया गया है। रात 8 बजे को तवा जलाशय के 3 गेट 3-3 फीट खुले हुए हैं। वहीं बरगी डेम 15 गेट 1.40 मीटर तक खुले हुए हैं बारना डेम के 6 गेट 2 मीटर तक खोले गये हैं। प्रशासन द्वारा अभी कुछ घंटों में पानी और अधिक बढ़ने के आसार जताए जा रहे हैं।

## नर्मदा कॉलेज में विजय दिवस पखवाड़े पर परिचर्चा, विचार गोष्ठी का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस पखवाड़े के अवसर पर परिचर्चा और विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य कारगिल शहीद सैनिकों की वीरता और भारतीय सेना के पराक्रम को युवा पीढ़ी और विद्यार्थियों तक पहुंचाना रहा।

कार्यक्रम की रूपरेखा एन एस एस अधिकारी डॉ सुनील दिवाकर ने प्रस्तुत की। स्वागत उद्बोधन में प्राचार्य डॉ आर के चौकसे ने भारतीय सेना को नमन करते हुए कहा कि कारगिल विजय भारतीय सेना के शौर्य,पराक्रम और बलिदानों का प्रतीक है। जिसने अनेक कीर्तिमान रचते हुए दुनिया की



सबसे ऊंची चोटी कारगिल से पाकिस्तानी फौज को खदेड़ा था ।उन्होंने विद्यार्थियों को देश सेवा के लिए प्रेरित किया। डॉ के जी मिश्र ने फौज के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की।तत्पश्चात शिवांशु मिश्रा,अरुण मीना, शबनम, धर्मेंद्र कटारे, दर्शन यादव, गजेंद्र अहिरवार, अभय अमोले,सुरभि साहू ,पलक शर्मा ने विभिन्न घटनाओं, मर्म स्पर्शी और रोचक जानकारियों के साथ अपने विचार प्रस्तुत किए।डॉ रवि उपाध्याय ने सेना की युद्धनीति ,कारगिल युद्ध के प्रारंभ से अंत तक घटनाक्रम पर प्रकाश डाला। परिचर्चा में गुरुवेश उइके, जयराम नर्रे, सुखनंदन धुर्वे बृजेश धुर्वे, प्रीत गौर आदि कैडेट्स ने,सैनिकों की वीरता, सूझबूझ और रणनीति से लड़े गए युद्ध पर प्रकाश डाला।

## जिले में 07 अगस्त तक मनेगा विश्व स्तनपान सप्ताह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले में 1 से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाएगा। सीएमएचओ डॉ. नरसिंह गेहलोत ने बताया कि इस वर्ष की थीम है ₹इन्वेस्ट इन ब्रेस्टफीडिंग, इन्वेस्ट इन फ्यूचर₹ यानी स्तनपान को सक्षम करनाः काम करने वाले माता-पिता के लिए फर्क करना। इस सप्ताह का उद्देश्य स्तनपान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना और माताओं को अपने बच्चों को स्तनपान कराने के लिए प्रोत्साहित करना है। 1 अगस्त से अस्पतालों के प्रसूति और एसएनसीयू, एनआरसी वार्डों में भर्ती महिलाओं, स्वास्थ्य एवं आंगनवाड़ी केंद्रों में गर्भवती तथा धात्री माताओं एवं उनके परिजनों को महिला चिकित्सक, स्टॉफ नर्स, स्वास्थ्य व आशा कार्यकर्ता द्वारा पहले 6 माह तक शिशुओं को केवल स्तनपान, कंगारू मदर केयर, 02 बच्चों में अंतर रखने संबंधी परामर्शी सत्र आयोजित कर सलाह दी जाएगी। मंगलवार और शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस में माताओं को स्तनपान की समझाइश के साथ उनकी समस्याओं की जांच और समाधान किया जाएगा। अस्पतालों के लेबर रूम में नवजात शिशुओं के जन्म के तुरंत बाद शीघ्र स्तनपान कराने हेतु महिला स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारियों द्वारा प्रेरित किया जाएगा।

## कमिश्नर ने विभागीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदा पुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने संयुक्त संचालक लोक शिक्षण मनीष वर्मा को दिए। कमिश्नर ने तिवारी बुधवार को स्कूल शिक्षा विभाग, जनजाति कार्य विभाग, आदिवासी वित्त विकास निगम, उच्च शिक्षा विभाग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग तथा जिला पेंशन विभाग की संभागीय समीक्षा बैठक ले रहे थे। कमिश्नर ने सभी जिला पेंशन अधिकारियों को निर्देश दिए की कर्मचारियों की पेंशन बकाया सवत्वों, डॉक्यूमेंट ना मिलने से लंबित है तो ऐसे अधिकारी एवं कर्मचारियों का प्रकरण उनके संबंधित विभाग को प्रेषित कर वहां से सभी डाक्यूमेंट्स मंगा कर उनका पेंशन प्रकरण बनाकर सभी सेवानिवृत अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्राथमिकता से पेंशन दिलाना सुनिश्चित करें।

सभी जिला पेंशन अधिकारी विभिन्न विभागों के सेवानिवृत हुए अधिकारी एवं कर्मचारियों के विभागीय जांच, न्यायालयीन केस एवं लोकायुक्त जांच तथा तकनीकी त्रुटि के कारण रुके हुए प्रकरणों को छोड़कर सभी सेवानिवृत कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण प्राथमिकता से बनाना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने निर्देश दिए की स्कूल शिक्षा विभाग अपने सभी शासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों को एनरोलमेंट नंबर (नामांकन) प्राथमिकता से अलाट करें। सभी पात्र विद्यार्थियों को शत प्रतिशत निशुल्क पाठ्य पुस्तक एवं साइकिल का वितरण किया जाए। उक्त निर्देश

## वन स्टाप सेंटर में हुआ विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

वन स्टाप सेटर नर्मदापुरम में विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिन /न्यायधीश श्री विजय कुमार पाठक द्वारा उपस्थित महिलाओं से उनकी समस्या सुनकर काउंसलिंग की तथा विधिक सेवा प्राधिकरण से दी जाने वाली सहायता की जानकारी दी। जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री अभय सिंह के द्वारा न्यायालय अंतर्गत दी जाने वाली सेवाओं, योजनाओं के शिविर का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में जानकारी दी गई ,न्यायालय संबंधित जानकारी हेतु 15100 टोल फ्री नम्बर कीजानकारी दी। प्रशासक प्रतिभा बाजपेयी ने वन स्टाप सेटर की योजनाओं की जानकारी दी, 181 महिला हेल्प लाईन, घरेलू हिंसा रोकथाम अधिनियम 2012 की जानकारी दीगई ।

'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान का हुआ समापन

## नशा समाज की एक बड़ी बुराई है, जो नशा बच्चे, युवाओं का भविष्य बर्बाद कर रही है उससे दूर रहना चाहिए: एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान का बुधवार को समापन हुआ। नर्मदापुरम में पुलिस लाइन स्थित वेलफेयर भवन में समापन हुआ। जिसमें अभियान के दौरान 15 दिनों में आयोजित हुई प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने वाले विद्यार्थियों को बुलाया गया।

अलग-अलग गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विजेता, उपविजेता विद्यार्थियों को एसपी डॉक्टर गुरकरन सिंह के हाथों सम्मान दिया गया। एसपी डॉक्टर सिंह ने कहा नशा समाज की एक बड़ी बुराई है। जो नशा बच्चें, युवाओं का भविष्य बर्बाद कर रही है। इसलिए मप्र में 15 दिन का






राज्यव्यापी जनजागरूकता अभियान चलाया गया।

मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने स्वयं इस अभियान के माध्यम से लोगों को नशे से दूरी बनाने का कहा। अभियान का उद्देश्य प्रदेश के युवाओं एवं नागरिकों को मादक पदार्थों के दुरुपयोग से बचाना व नशे की लत से मुक्त कराना है। डीएसपी सारवान ने बताया अभियान के दौरान रोजाना अलग-अलग स्कूलों में मैराथन, स्लोगन, निबंध लेखन, पोस्टर और रंगोली प्रतियोगिताएं हुई। जिसके विजेता उपविजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार दिए गए।फिर विद्यार्थी, युवाओं को नशा न करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर महिला सेल डीएसपी मोहन सारवन, एसडीओपी जितेंद्र पाठक, आरआई स्नेहा चंदेल, कोतवाली टीआई कंचन सिंह ठाकुर, देहात थाना प्रभारी सौरभ पांडे समेत अन्य पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में उपार्जन समिति की बैठक हुई संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में समर्थन मूल्य पर की जा रही मूंग खरीदी प्रक्रिया की समीक्षा के लिए कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उपार्जन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपार्जन कार्य सुचारू रूप से संचालित किया जाए एवं किसानों की समस्याओं का समाधान किया जाए, यह सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि उपार्जन समिति के सदस्य संबंधित एसडीएम से चर्चा कर सभी खरीदी केंद्रों पर आवश्यक संसाधनों की पूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी समिति अथवा वेयरहाउस मालिक द्वारा अनियमितता न बरती जाए, संबधित अधिकारी इसकी सतत निगरानी करें। कलेक्टर ने कहा कि किसानों की उपज को अनावश्यक रूप से रिजेक्ट न किया जाए।

## खबर संक्षेप

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आज

**सारणी।** सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारणी के हॉस्पिटल में सी एस आर के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें भोपाल से आए स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा निःसंतानता ओर गर्भवती महिलाओं एवं महिलाओं से जुड़े सभी रोगों जैसे मासिक धर्म संबंधी समस्या, कि निशुल्क जांच एवं परामर्श किया जाएगा और निशुल्क दवाइयां भी वितरण की जाएगी।

### जेईई, नीट एवं सीएएलटी कोचिंग की प्रवेश परीक्षा 2 अगस्त को

**बैतूल।** आकांक्षा योजना के अंतर्गत जेईई, नीट एवं सीएएलटी की कोचिंग के लिए कक्षा 10वी प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण अनुसूचित जनजाति वर्ग के कुल 676 विद्यार्थियों द्वारा आनलाइन आवेदन किए है। जनजातीय कार्य विभाग सहायक आयुक्त ने बताया कि इन विद्यार्थियों की प्रवेश परीक्षा 2 अगस्त को समस्त विकासखंडों के उत्कृष्ट उच्च माध्यमिक विद्यालयों एवं एकलव्य आवासीय विद्यालय शाहपुर में दोपहर 12.30 बजे से 2.30 तक आयोजित होगी। उन्होंने समस्त आवेदनकर्ता अभ्यर्थियों से निर्धारित तिथि पर समय से 1 घंटा पूर्व प्रातः 11.30 बजे दस्तावेज ऑनलाइन आवेदन की प्रतिलिपि, कक्षा 10वी की अंकसूची, आय प्रमाण पत्र तथा जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ संबंधित विकासखण्ड के परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

### मोहित बने मीडिया प्रभारी

**बैतूल।** जिला वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश की बैतूल जिला इकाई की कार्यकारिणी पुर्नगठित किया गया, जिसमें जिला अध्यक्ष, अखिलेश गोठी, जिला उपाध्यक्ष राजेश जायसवाल, जिला महामंत्री हेमंत पगारिया, अनिल बांगड, संजय अग्रवाल, निर्मल सुराणा, पन्नालाल जायसवाल, जिला मंत्री जगदीश अग्रवाल, उमेश पेठे, रेखा शिवहरे, जिला कोषाध्यक्ष जयदीप सिंह रूनवाल, मीडिया प्रमुख मोहित गर्ग, जिलाध्यक्ष युवा ईकाई अनंत अग्रवाल, आरपी सोनी, अरविंद कुमार मालवीय कार्यालय मंत्री, बैतूल, जिला कार्यकारिणी सदस्य संजय खंडेलवाल भौरा, जयश संघवी, महेंद्र (पिल्लु) जैन, अभिषेक खंडेलवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल, मुलताई। तहसील अध्यक्ष शाहपुर विक्की नायक, घोडाडोंगरी डॉ. कृष्ण गोपाल अग्रवाल, चिचोली जितेन्द्र सुर्यवंशी, मुलताई देवेन्द्र (जैन) धोपाडे, आमला संजय साहू, भैंसदेही विनोद सोनी, आठनेर रजनीश जायसवाल और महिला कार्यकारिणी बैतूल जिला महिला इकाई अध्यक्ष अमिता गुप्ता, संरक्षक राजकुमारी जैन, जिला प्रभारी प्रेमलता खंडेलवाल, जिला उपाध्यक्ष विनीत गर्ग, जिला महामंत्री नूतन लुहाडिया, जिला मंत्री माधुरी खंडेलवाल जिला कोषाध्यक्ष अंजना खंडेलवाल, सह कोषाध्यक्ष श्रदा खंडेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य ममता खंडेलवाल, सरिता खंडेलवाल, कंचन जैन, पुष्पा खंडेलवाल, निशा खंडेलवाल, सुनीता खंडेलवाल, भावना जैन को बनाया गया है।

### कहीं 20 प्रतिशत तो कहीं 40 प्रतिशत ही भरे डैम

# औसत आंकड़े के लगभग आधे के पास पहुंची बारिश, फिर भी जलाशय खाली

संजय द्विवेदी ▶▶ बबैतूल



बारिश सीजन का करीब डेढ़ माह पूरा हो चुका है, लेकिन जलाशयों का पेट अब भी खाली है। जबकि जिले में पिछले साल की अपेक्षा इस वर्ष 23.1 मिमी अधिक बारिश हो चुकी है और एक-दो दिन में बारिश का यह आंकड़ा औसत बारिश के आधे तक पहुंच जायेगा। लेकिन बैतूल डिवीजन के अधिकांश जलाशय अभी भी खाली पड़े है। कहीं जलाशयो में 20 प्रतिशत जल संग्रहण हुआ है, तो कहीं 40 फीसदी ही पानी आया है। यह पानी भी पिछले एक सप्ताह के भीतर हुई बारिश के बाद जलाशयों में पहुंचा है। इसके पीछे जानकार यह कारण बता रहे है कि इस वर्ष जिले में बारिश की रफ्तार धीमी रही। इसी के बीच जुलाई में सावन माह की शुरूआत के बाद लगभग 15 दिन बारिश पर ब्रेक लगा रहा। जिससे जलाशयों में जो पानी पहुंचा था, वह भी कम हो गया। माचना एनीकेट तो पूरी तरह सूख गया था और नगरपालिका को ताप्ती से पानी लाकर शहर में सप्लाई करना पड़ा। इधर तेज बारिश नहीं होने से बैतूल डिवीजन के 104 जलाश्यों में भी पानी नहीं पहुंचा और यदि बैतूल के जलाशयों की प्यास सितंबर माह तक नहीं बुझी, तो रबी की फसलों पर संकट के बादल मंडरा सकते है।

## अभी तक जिले में 522.5 मिमी बारिश दर्ज

जिले में मानसून को आए लगभग डेढ़ माह हो चुका है। इस दौरान जिले में करीब 522.5 बारिश हुई। जबकि पिछले 24 घंटे के दौरान 12.4 मिमी बारिश दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 30 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे यानि पिछले 24 घंटे में तहसील बैतूल में 12.0, घोड़ाडोंगरी में 19.0, चिचोली में 21.0, शाहपुर में 15.0, मुलताई में 9.0, प्रभात पट्टन में 14.4, आमला में 6.0, भैंसदेही में 12.0, आठनेर में 8.1. तथा भीमपुर में 7.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि पिछले साल 499.4 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। बता दे कि जिले की औसत वर्षा 1083.9 मिमी है।

### जिले के दो डिवीजनों में है 192 छोटे-बड़े जलाशय

जिले में दो डिवीजन है, जिसमें कुल 192 छोटे-बड़े जलाशय शामिल है। पहला डिवीजन बैतूल है। बैतूल डिवीजन में 102 लघु सिंचाई परियोजना है तथा 1 मध्यम सिंचाई परियोजना सांपना जलाशय है। इसके अलावा निर्माणाधीन घोघरी, मेंढा, गढ़ा और शीतलझिरी परियोजनाओं का काम चल रहा है। वहीं मुलताई डिवीजन में कुल 88 जलाशय है। जिसमें 6 मध्यम सिंचाई परियोजना चंदोरा, पारसडोह, बुंडाला, वर्धा, देहगुड, सोनखेड़ी है। इसमें से चंदोरा 9 प्रतिशत, पारसडोह 46 प्रतिशत, बुंडाला 20 प्रतिशत, वर्धा 20 प्रतिशत, देहगुड 4 प्रतिशत और सोनखेड़ी 20 प्रतिशत भरे है। इसके अलावा मुलताई डिवीजन में 82 लघु सिंचाई परियोजना है। हालांकि जिले के डैमों में सबसे अच्छी स्थिति सतपुड़ा जलाशय की है, यहां डैम का वॉटर लेवल क्षमता के अनुरूप मेंटेंन किया जा रहा है। पानी का लेवल बढने पर गेट खोलकर पानी की निकासी की जा रही है, लेकिन अन्य जलाशयों में अभी भी क्षमता से 20 से 40 प्रतिशत ही पानी आ पाया है।

### नहीं भरे जलाशयो के पेट, तो कैसे होगी सिंचित

हालांकि अभी बारिश के सीजन को ढ़ाई माह का समय बचा हुआ है। इन ढाई माह में जिले में तेज बारिश नहीं हुई और जलाशयों का पेट नहीं भरा तो हजारों हेक्टेयर में लगने वाली आगामी रबी फसल की सिंचित के लिए मुश्किले खड़ी हो जायेगी, क्योंकि जिले के मध्यम और लघु डैमों के सहारे ही जिले के अधिकांश क्षेत्रों में रबी फसल की सिंचाई होती है। यदि डैम ही लबालब नहीं रहेगे तो पानी का संकट खड़ा हो जायेगा। हालांकि सभी उम्मीदें अभी बारिश से ही है। बीते दो दिनों से बैतूल जिले में बारिश भी हो रही है। लेकिन बरसने के मामले में बादलों की मेहरबानी कम ही है।

### माचना में आया भरपूर पानी शहर में सप्लाई

विगत दिनों हुई बारिश के बाद माचना में भी पर्याप्त पानी आ गया है। जिसके बाद शहर में पेयजल सप्लाई को पुनः एक दिन के अंतराल में शुरू किये जाने पर विचार किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि एक-दो दिन में शहर के वार्डो में एक दिन के अंतराल में पानी सप्लाई की व्यवस्था कर दी जायेगी। जबकि कुछ दिनों पहले माचना सूखने के बाद शहर में दो दिन के अंतराल में पेयजल सप्लाई हो रही थी और लोगों को पानी के लिए परेशान भी होना पड़ रहा था, लेकिन पिछले दिनों से हो रही बारिश के बाद माचना की स्थिति में काफी सुधार आया है। अभी माचना के 4 गाले खोलकर पानी के साथ आने वाले कचरे सहित अन्य सामग्रियों को बहाया जा रहा है और 4 गाले को 4-4 फीट पर मेंटेंन कर रहे है।

### जल्द भरे जाएंगे डैम

जिले में 192 छोटे-बड़े डैमों में 20 से 40 प्रतिशत पानी आया है। अभी बारिश का काफी समय शेष है। उम्मीद है कि इन दिनों में तेज बारिश होगी और जल्द ही जिले के सभी डैम लबालब भर जायेगे।

**- आरके सिंह, ईई, जल संसाधन विभाग, बैतूल**

### महादेव के जयघोष के साथ की शुरुआत

# ग्राम सावलमेंढ़ा से निकली जामसावली के लिए पदयात्रा



**भैंसदेही।** सावन माह के पावन अवसर पर ग्राम सावलमेंढ़ा से श्रद्धालुओं का एक जत्था जामसावली स्थित हनुमान मंदिर के लिए पदयात्रा पर रवाना हुआ। भक्तों ने हर हर महादेव और जय श्रीराम के जयघोष के साथ यात्रा की शुरुआत की। इस आयोजन में ग्राम के युवाओं सहित वरिष्ठ जनों ने भी बढ़-चढ?र हिस्सा लिया। पदयात्रा का शुभारंभ ग्राम के मंदिर में पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इसके पश्चात सभी श्रद्धालु भगवा ध्वज, डीजे, ढोल-नगाड़ों के साथ पूरे गांव से होते हुए जामसावली की ओर रवाना हुए। यात्रा मार्ग में जगह-जगह लोगों ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया और जलपान की व्यवस्था भी की गई। ग्रामीणों ने बताया कि यह यात्रा वर्षों से चली आ रही परंपरा है, जो आस्था, एकता और संस्कार का प्रतीक है।

### शाम को संगीतमय सुंदरकांड में उमड़े श्रद्धालु

# भोलेनाथ की भक्ति में झूमे श्रद्धालु,



**भौंरा।** सावन माह के तीसरे सोमवार को नगर के बीजादेही रोड स्थित माता मोहल्ला के प्राचीन शंकर मंदिर में भगवान भोलेनाथ के अभिषेक एवं पूजन के पश्चात संगीतमय सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया गया। दिनभर चली पूजा-अर्चना और भजन संध्या के इस आयोजन में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया। सुबह विधिवत रूप से रुद्राभिषेक एवं पूजन-अर्चन के साथ दिन की शुरुआत हुई। शाम को मंदिर प्रांगण में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें भजन गायक आशुतोष गुप्ता, निशांत तिवारी ने भक्तिरस से ओतप्रोत सुंदरकांड का सुमधुर गायन किया। उनके साथ भक्ति संगीत की सजीव प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। आयोजन के दौरान शिव शंकर को जिसने पूजा उसका उद्धार हुआ, संकट मोचन हनुमान अंजनी सुत वीर, जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। भजनों की मधुर धुन और सुंदरकांड की पवित्र वाणी से मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में गूंजता रहा। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को विशेष पूजन, रुद्राभिषेक एवं भजन का आयोजन किया जा रहा है। श्रद्धालु सुरेंद्र राठौर, पवन मालवीय,संजीव राठौर,गौरव राठौर ने बताया कि श्रावण मास में इस प्रकार के आयोजनों से आध्यात्मिक ऊर्जा मिलती है और समाज में भक्ति, सद्भाव एवं सकारात्मकता का संदेश फैलता है।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने चिचोली में किराना दुकानों का किया औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले में खाद्य पदार्थों का विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों की सघन जांच एवं नमूने लिए जाने की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा प्रशासन शैलेंद्र बड़ोनिया के मार्गदर्शन में 30 जुलाई को खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती मीना कुमारे द्वारा तहसील चिचोली की किराना दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सोनी इंटरप्राइजेज, संदीप ट्रेडर्स किरणा से 14 सैंपल जीरा लूज, काली मिर्च, अजवाइन, राई, मेथी लूज, हींग, नोवा घी, पतंजलि घी, गोवर्धन घी, गुलाब जामुन, मिक्स नमक आदि के नमूने लिए गए। लिए गए सैंपल खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे जाएंगे तथा जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी। यह करवाई सतत जारी रहेगी।

### बैठक लेकर दिए रिकार्ड दुरूस्त करने के निर्देश

# नर्मदापुरम संयुक्त संचालक ने किया नपा कार्यालय का निरीक्षण



**सारनी।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग नर्मदापुरम संभाग के संयुक्त संचालक राधेश्याम मंडलोई ने बुधवार 30 जुलाई 2025 को नगर पालिका कार्यालय सारनी का निरीक्षण किया। प्रत्येक शाखा में जाकर उन्होंने कार्यो की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने अधिकारी. कर्मचारियों की बैठक भी ली। नर्मदापुरम संभाग के संयुक्त संचालक राधेश्याम मंडलोई बुधवार को दोपहर 1.30 बजे नगर पालिका कार्यालय सारनी पहुंचे। यहां उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी. के. मेश्राम के साथ कार्यालय की योजना शाखा, आवक-जावक, राशन कार्ड शाखा, लेखा शाखा, पी.डब्ल्यू डी. शाखा, जल प्रदाय, स्थापना, स्वास्थ्य शाखा समेत अन्य शाखाओं के कक्षों में जाकर निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने नगर पालिका सभाकक्ष में सभी शाखा प्रमुखों की बैठक ली। बैठक के दौरान संयुक्त संचालक ने शाखावार योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जलकर की वसूली सख्ती से की जाए। जलकर नहीं देने वालों के कनेक्शन काटे जाएं। श्री मंडलोई ने संपत्तिकर की वसूली की जानकारी भी ली। उन्होंने प्रतिदिन फील्ड में रहकर वसूली करने के निर्देश संबंधित प्रभारी को दिए। लेखा शाखा, राजस्व शाखा एवं योजना शाखा के रिकार्ड दुरूस्त करने के निर्देश दिए।

भीवकुंड प्रधानमंत्री सड़क हुई गड्ढों में तब्दील

# ठेका कंपनी ने भी दो किमी मेंटनेंस कर सड़क अधूरी छोड़ी



**भैंसदेही।** नगर के अटल बिहारी स्टेडियम के बाजू से भिवकुंड जाने वाली प्रधानमंत्री सडक़ पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो गई है। इस सडक़ पर वाहन चलना तो दूर, पैदल चलना भी लोगों के लिए मुश्किल हो गया है, लेकिन इसके बावजूद भी सडक़ निर्माण या सडक़ की मरम्मत के प्रति कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे लोगों में अधिकारियों की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी बनी हुई है। बताया जाता है कि 4.61 किमी का यह मार्ग पूरा खराब हो गया है। जिसके मेंटनेंस का ठेका मेसर्स भगवती इंटरप्राईजेस मुरैना को दिया था, लेकिन ठेका कंपनी ने भीवकुंड ग्राम से भैंसदेही की ओर मात्र 2 किमी मार्ग पर डामरीकरण कर मेंटनेंस का कार्य किया, बाकी रोड वैसे ही छोड़ दी। जबकि इस सडक पर सबसे ज्यादा खराब स्थिति स्टेडियम से जामठी शिवम पब्लिक स्कूल के टेकड़े तक है। जगह-जगह गड्ढे हो चुके है। इन गड्ढों में बारिश का पानी थम हुआ है। जिसके कारण वाहन चालकों को गड्ढे समझ नहीं आते और वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे है। बता दे कि इसी मार्ग पर शिवम स्कूल के बच्चे भी आवागमन करते है। इन्हें भी रोजाना खराब मार्ग की परेशानियों से जुझना पड़ता है। लोगों का कहना है कि बारिश की वजह से सडक़ पर बने गड्ढे और भी बड़ा आकार लेते जा रहे है। जिससे कुछ ही दिनों में यह सडक़ पूरी तरह खराब होकर बिखर जायेगी। लोगों ने सडक की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि लोगों को आवागमन की अच्छी सुविधा मिल सके।

### वाहनों को भी पहुंच रहा नुकसान

सडक़ पर गड्ढों की वजह से वाहन चालक तो चोटिल हो ही रहे है, साथ ही उन्हें आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। वाहन चालकों का कहना है कि बार-बार वाहनों के गड्ढे में जाने से वाहनों के एक्सल टूट रहे है। वाहनों में टूट-फूट हो रही है। जिसके कारण वाहन चालकों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। खराब सडक के कारण सबसे ज्यादा दोपहिया वाहन चालक परेशान है। वाहन चालकों का समझ ही नहीं आता है कि वाहन कहां से निकाले। ऐसे में वाहन चालक गड्ढों से बचने के चक्कर में गिरकर चोटिल भी हो रहे है।

### ग्रामीणों को मानव तस्करी से बचाव की दी सीख, मजदूर हेल्पलाइन नंबर भी बताया

# मानव तस्करी के विरुद्ध चला जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



ग्राम जाड़ीढाना, ग्राम पंचायत जोगली, ब्लॉक चिचोली में मानव तस्करी के विरुद्ध विश्व दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक पल्लवी टाकरकर के मार्गदर्शन में किया गया। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों, विशेषकर मजदूर वर्ग को मानव तस्करी के प्रकार, इसके खतरों और इससे बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने मजदूरों को बताया कि अगर वे रोजगार की तलाश में पलायन कर रहे हैं, तो उन्हें उस व्यक्ति या ठेकेदार की पूरी जानकारी रखनी चाहिए जो उन्हें काम पर भेज रहा है। यह जानकारी उनके सुरक्षित और योजनाबद्ध पलायन के लिए अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में ग्रामीणों को 1800 120 1121 नंबर की मजदूर हेल्पलाइन के बारे में जानकारी दी गई, जिससे जरूरत के समय पर वे सहायता प्राप्त कर सकें। इसके साथ ही उन्हें बताया गया कि आधार कार्ड, बैंक खाता, श्रमिक पंजीयन जैसे सभी जरूरी दस्तावेज यदि पूर्ण और अपडेटेड हों, तो इससे सरकार की योजनाओं का लाभ मिलता है, दुर्घटना की स्थिति में सरकारी सहायता भी मिल सकती है। कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों के प्रति हो रहे मानव दुर्व्यवहार और हिंसा पर विशेष चर्चा की गई। बताया गया कि कई बार ऐसे ही माध्यमों से मानव तस्करी को अंजाम दिया जाता है।

### सुरक्षा इंतजामों का लिया जायजा

# एसपी ने स्कूली बस में बच्चों के साथ किया सफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशन में नशे से दूरी है ज़रूरी अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक बैतूल निश्चल झारिया ने वन विद्यालय बैतूल में आयोजित नशा विरोधी जनजागरूकता कार्यक्रम में सहभागिता की गई एवं विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम उपरांत श्री झारिया ने विद्यालय की एक बस में स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ स्वयं यात्रा कर बस में उपलब्ध सुरक्षा इंतज़ामों का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया गया। यात्रा के दौरान उन्होंने बच्चों से संवाद करते हुए उन्हें बस में मौजूद फर्स्ट एड बॉक्स, फायर एक्सटिंग्विशर, एवं पैनिक बटन जैसे सुरक्षा उपकरणों की उपयोगिता एवं कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक ने विद्यार्थियों से बस ड्राइवर एवं अटेंडर के व्यवहार के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया एवं यह सुनिश्चित किया कि बच्चों को यात्रा के दौरान सुरक्षित एवं सम्मानजनक वातावरण प्राप्त हो रहा है या नहीं। उन्होंने बच्चों को बताया कि बस में चढ़ते एवं उतरते समय किन-किन सावधानियों का पालन करना चाहिए, इसके बारे में विस्तार से बताया।

साथ ही यातायात नियमों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश का भविष्य कहे जाने वाले बच्चों को बचपन से ही ट्रैफिक रूल्स की समझ होनी चाहिए, जिससे वे एक जिम्मेदार नागरिक बन सकें। पुलिस अधीक्षक को अपनी बस में पाकर छात्र-छात्राएं बेहद उत्साहित और प्रसन्न दिखे। बच्चों ने सुरक्षा संबंधी बातों को गंभीरता से सुना और कई प्रश्न भी पूछे, जिनका श्री झारिया ने सरल और संवेदनशील ढंग से उत्तर दिया। इस दौरान उप पुलिस अधीक्षक (अजा/जनजाति) दुर्गेश आर्मो, थाना प्रभारी यातायात, एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

# शासकीय कन्या स्कूल में हुआ गुरु वंदन कार्यक्रम का आयोजन




**भौंरा।** मध्यप्रदेश शिक्षक संघ की ब्लॉक इकाई शाहपुर के तत्वावधान में शासकीय कन्या उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शाहपुर विकासखंड शाहपुर में गुरु वंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजन कर आरंभ किया गया। गुरु वंदन कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के बी ठाकरे, जिला संगठन मंत्री ब्लॉक इकाई शाहपुर से लोकेश कुमार जोठे, कोषाध्यक्ष एवं गणेश राव बारस्कर उपाध्यक्ष, शिव चरण विश्वकर्मा ब्लॉक सचिव, राजेश रावत सहसचिव एवं अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित हुए। बीआर ठाकरे द्वारा गुरु महिमा के बारे में सारगर्भित विचार व्यक्त किए गए। संस्था के वरिष्ठ शिक्षक राकेश खातरकर द्वारा गुरु शिष्य की महिमा का बखान करते हुए आरुणि की गुरु भक्ति और सेवा भावना तथा भगवान श्री कृष्ण और उनके गुरु सांदीपनि जी की शिक्षा उनके उपदेश, एकलव्य और गुरु द्रोणाचार्य की समर्पण भावना का सागर्वित रूप से वर्णन किया गया तथा विद्यार्थियों को अपने भाभी जीवन में उनके सिख लेने के लिए प्रेरित किया गया।

### तवा, बारना और बरगी डैम के खुले गेट, नर्मदा नदी उफान पर, किनारे से लगे कई गांव में बाढ़ का संकट

# माखननगर तहसील के करीब 9 गांव का सड़क मार्ग हुआ बंद



जिले में हो रही बारिश ने जनजीवन अस्तव्यस्त कर दिया। जहां एक ओर कई गांव नर्मदा की नदियों के के बैकवाटर से शहर से कट गए वहीं तवा पुल पर पानी आ जाने से मार्ग अवरूद्ध हो गया। भारी बारिश के कारण लोगों का आना जाना भी बंद हो गया। वहीं प्रशासन ने सुरक्षा बनाने के लिए सुरक्षा बोर्ड भी लगाए हैं।



हरिभूमि न्यूज ▶▶| माखननगर

माखन नगर तेज बारिश होने से एवं तवा डैम बरगी डैम से पानी छोड़े जाने से बाढ़ तो नहीं लेकिन बाढ़ जैसे हालात हैं विकासखंड के साढ़े तीन गांव के नाम से जाने वाले खरगावली मुड़िया खेड़ा तमचरु गांव के बीती रात से सड़क के रास्ते बंद है वहीं नसीराबाद से गनेरा माखन नगर आने वाली सड़क पर सेकड़िया एवं बाकूड नाले पर ऊपर से पानी जा रहा है जिससे नसीराबाद ढीमर ढाना बछबाड़ा आमखेड़ी कोंडरवाडा के गांव वालों का रास्ता बंद है वह माखन नगर नहीं जा सकते हैं मुड़िया खेड़ा पंचायत का तमचरू गांव सबसे पहले नर्मदा के पानी से चारों तरफ गिर जाता है उस गांव के लोग किसी भी गांव में आ जा नहीं सकते वही मुड़िया खेड़ा



जनकपुर के ग्रामवासी खरगावली तक आ सकते हैं लेकिन यह वहां से आगे नहीं जा सकते

### पानी आने के कारण बिजली कर दी जाती बंद

जैसे ही बाढ़ का पानी गांव के पास आता है सबसे पहले खेतों की बिजली बंद कर दी जाती है उसके बाद गांव का नंबर आता है मुड़िया खेड़ा के सरपंच प्रतिनिधि राजेश दुबे ने बताया हमारे गांव में 3 दिन से लाइट नहीं है और जैसे ही पानी गांव की तरफ आया लाइट बंद कर दी गई है मोबाइल चार्ज भी नहीं कर पा रहे हैं ना मोबाइल से बात हो रही ना किसी प्रकार का संपर्क हो रहा है। वहीं ग्रामीणों ने कहा कि अभी नर्मदा का पानी और बढ़ रहा है।




### नसीराबाद नांदनेर नर्मदा पुल पर ऊपर से जा रहा है पानी

नसीराबाद नांदनेर पर बने नर्मदा पुल नर्मदा का रौद्र रूप दिखाई दे रहा है पुल के ऊपर से पानी जा रहा है ना कोई वाहन और इस पार के लोग उस पार और उस पार के लोग इस पार आ जा नही पा रहे हैं। मुड़िया खेड़ा में फंसे जो लोग जिनका स्वास्थ्य गड़बड़ हो गया था उन्हें एस डी ई आर डी के दल ने गांव से निकाल कर लेकर आया और एंबुलेंस में बिठाकर उपचार के लिए ले गए वही गांव वालों का कहना है की एक टीम ऐसी स्थिति में इसी क्षेत्र में रहना चाहिए ताकि ग्रामीणों को समय पर मदद मिल सके और बचाव कार्य किया जा सके।

## नर्मदा व सहायक नदियों की बाढ़ में डूब गए धान के खेत किनारे के खेतों में किसानों को भारी नुकसान की स्थिति





हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोहागपुर

गत चार दिनों से हो रही बारिश के चलते नर्मदा एवं उसकी सहायक नदियां तीव्र उफान पर हैं। जिसके कारण नर्मदा एवं सहायक नदियों की बाढ़ का पानी तटीय क्षेत्रों में खेतों में पहुंच गया है। एवं किसानों को भारी नुकसान की स्थिति बन गई है।

ग्राम भटगांव क्षेत्र के किसानों ने बताया कि नर्मदा एवं उससे जुड़ी अन्य नदियों की बाढ़ के कारण कई खेत जलमग्न हो गए हैं। जिसमें लगी धान पूरी तरह से डूब चुकी है। मामले में किसानों ने ग्रापं भटगांव के सरपंच सुधीर सिंह ठाकुर के माध्यम से पटवारी एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि शीघ्र ही फसल को हुए नुकसान का सर्वे कराया जाए। ताकि किसानों को राहत मिलने की राह प्रशस्त हो सके

### डूबे ग्रामीण क्षेत्र के रास्ते

ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों ने बताया कि कई गांवों के रास्ते नर्मदा एवं सहायक नदियों में लगातार जारी बाढ़ में डूब चुके हैं। भटगांव के बाशिंदों ने बताया कि उनके गांव की उत्तर दिशा में बाढ़ का व्यापक असर हुआ है। जिसके चलते गांव के अंदरूनी रास्ते भी जलमग्न हो गए हैं। यहां तक कि शासकीय स्कूल के सामने का रास्ता भी पानी में डूबा हुआ है।



## ग्रामीण अंचल में बने हाट की दुकानों में भरा पानी



**सेमरी हरचंद।** बांध के गेटखोले जाने के कारण मां नर्मदा अपने रूद्र रूप में आ गई है समीपस्थ ग्राम सांगाखेड़ा खुर्द एवं नर्मदा के तट पर बसे हुए गांवों मैं गांव के अंदर तक पानी भर गया है जिससे नर्मदा तट के ग्राम वासी प्रभावित रहे हैं।

ग्राम सांगा खेड़ा की स्थिति यह है कि गांव के बाजार में पानी भरजाने के ग्राम वासियों को अपनी दुकान बंद करना पड़ रही हैं मां नर्मदा के तट पर जितने मंदिर हैं लगभग सभी जलमग्न हो गए हैं नर्मदा का जलस्तर बढ़ने तट के ऊपर सड़क तक पानी आ गया है स्थानीय प्रशासन द्वारा ग्राम वासियों को मुनादी के माध्यम नर्मदा तट से रहने के लिए सूचना दी जा रही है। वहीं निचले क्षेत्रों में प्रशासन द्वारा होम गार्ड जवानों की टीम तैनात की गई है। वहीं राहत शिविर केन्द्रों में भी लोगों जाने के लिए कहा गया है।

### इटारसी में तेज बारिश से गिरी मकान की दीवार



इटारसी में पिछले तीन दिनों से तेज बारिश हो रही है। पिछले 24 घंटों में शहर में डेढ़ इंच बारिश दर्ज की गई है। 1 जून से अब तक 31 इंच बारिश दर्ज की जा चुकी है। यह पिछले साल की तुलना में अधिक है, जब 27 इंच बारिश हुई थी। प्रशासन ने नदी किनारे बसे गांवों और निचली बस्तियों के लोगों को सतर्क रहने के आदेश दिए हैं। इटारसी में बारिश के चलते शहर के वार्ड क्रमांक 1 में दोपहर 12 बजे कच्चे मकान की दीवार गिर गई। इसमें कोई जनहानि तो नहीं हुई। घर के अंदर सो रहे बृजेश यादव को पार्षद दिलीप गोस्वामी और अन्य लोगों ने बाहर निकाला। यह मकान प्रेम बाई यादव का है बताया जा रहा है।

### गत वर्ष इसी अवधि में हुई थी 656.6 मिलीमीटर औसत वर्षा

नर्मदापुरम। जिले में 1 जून 2025 से आज दिनांक 30 जुलाई को प्रातः 8 बजे तक जिले में 870.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 656.6 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 29 जुलाई से 30 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 50.4 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 39.0 मिलीमीटर, इटारसी में 37.8 मिलीमीटर, माखननगर में 48.0 मिलीमीटर, सोहागपुर में 53.0 मिलीमीटर, पिपरिया में 83.6 मिलीमीटर, बनखेड़ी में 89.6 मिलीमीटर, पचमढ़ी में 38.0 एवं तहसील डोलरिया 41.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है।

## सोहागपुर में जारी जीर्णशीर्ण भवनों का डिस्मेंटल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोहागपुर

नर्मदापुरम कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देश उपरांत सोहागपुर नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा के निर्देशन में नप सोहागपुर द्वारा जीर्णशीर्ण भवनों का डिस्मेंटल किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को नगर के सरदार वार्ड स्थित ईसाई मोहल्ला के ललित कुमार के जर्जर मकान को गिराने की कार्यवाही की गई है। उल्लेखनीय है कि गत दिनों नगर में जीर्णशीर्ण भवनों का चिन्हांकन उपरांत उन्हें डिस्मेंटल किए जाने के संबंधी निर्देश जारी किए गए थे। जिनके परिपालन में नगर में यह कार्यवाही निरंतर जारी है। इस दौरान बुधवार को सरदार वार्ड पार्षद रविशंकर उइके, प्रभारी राजस्व निरीक्षक संजय परसाई व संजय पचौरी की उपस्थिति में जर्जर भवन को जेसीबी से तोड़ा व हटाया गया है। इस दौरान नप सोहागपुर के वार्ड प्रभारी सहित अन्य नपकर्मी उपस्थित थे।

### पुरानी रंजिश पर की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**सोहागपुर।** सोहागपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक व्यक्ति के साथ पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट की गई है। मामले में फरियादी भगवान दास उर्फ बंटी पिता कलीराम कतिया 34 वर्ष निवासी समनापुर हाल पुराना चील घर के पास ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसके अनुसार फरियादी भगवान दास ड्राइवरी का काम करता है। मंगलवार शाम करीबन छह बजे फरियादी ट्रैक्टर खड़ा करके मारूपुरा होकर अपने घर पुराने चील घर के पास जा रहा था। रास्ते में राजा खान के द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर गंदी-गंदी गालियां देकर जाति सूचक शब्द बोले गए तथा जान से मारने की धमकी दी गई। आरोपी द्वारा फरियादी के साथ मारपीट भी की गई। रिपोर्ट पर सोहागपुर पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट एवं अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्जकर विवेचना में लिया है।


## राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत हुआ कार्यक्रम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनी मालवा

शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी मालवा मेंस्वच्छता संबंधी डॉक्यूमेंट्री का प्रसारण किया गया। प्राचार्य डॉ उमेश कुमार धुर्वे ने अपने उद्बोधन में स्वच्छता का जीवन में महत्व तथा अस्वच्छता से आने वाली स्वस्थ समस्याओं के बारे में बताया । इस अवसर पर प्रकोष्ठ प्रभारी श्री रजनीश जाटव ने छात्राओं को जीवन में स्वस्थ से संबंधित समस्याओं तथा उनके निवारण करने, पालीथीन का उपयोग कम से कम करने के लिए प्रेरित किया। अंत में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी आकांक्षा पांडे ने उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान प्राध्यापक डॉ. संगीता मिश्रा,डॉ वर्षा भिन्गारकर ,डॉ. रजनीकांत वर्मा, प्रवीण साहू, डॉ. रीमा नागवंशी, डॉ नीरज विश्वकर्मा, डॉ पदम शर्मा, डॉ सतीश बालापुरे, डॉ. राकेश निरापुरे, संगीता कहार, आदि शमिल रहे।

### बरसात ने दिया सतपुड़ा की वादियों को सुंदर स्वरूप



**सोहागपुर।** बरसात के मौसम ने सतपुड़ा पर्वत श्रृंखला को सुंदर स्वरूप दे दिया है। पूरे पर्वत हरियाली से आच्छादित हो चुके हैं तथा सतपुड़ा टाइगर रिजर्व क्षेत्र के लगभग सभी पाइंट जलमग्न हो चुके हैं। जिसके चलते पर्वत श्रृंखला का पूरा परिदृश्य सुंदर रूप प्राप्त कर चुका है।

## जीवा ज्योति हाई सेकेंडरी स्कूल में हुआ पौधरोपण कार्यक्रम




हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनी मालवा

जीवा ज्योति हाई सेकेंडरी स्कूल के छात्रों द्वारा वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की पहल विद्यालय की प्राचार्या महोदया श्रीमती ज्योति पाणिकर एवं संचालक महोदय डॉक्टर प्रवीण पाणिकर के मार्गदर्शन से की गई। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्रों एवं शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी रही। इस अवसर पर बच्चों ने तहसील कार्यालय में जाकर एस. डी. एम. श्रीमती सरोज सिंह परिहार ,सी. ई. ओ. श्रुति चौधरी एवं नायब तहसीलदार कीर्ति प्रधान की उपस्थिति में एवं बानापुरा संकुल में बी. ई. ओ. योगेश मनोहरे,बी. आर. सी. संगीता यादव एवं संकुल प्राचार्य श्री अशोक कुमार सोनिया की उपस्थिति में वृक्षारोपण किया, जहां बच्चों ने उत्साह पूर्वक विभिन्न प्रकार के पेड़ जैसे नीम, नीलगिरी ,गुलमोहर आदि लगाएं।

### वैद्यानाथ ज्योर्तिलिंग का हुआ अभिषेक

## 'पाप का अंत होता है, पुण्य अनंत है'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इटारसी

पाप का अंत होता है और पुण्य अनंत है। राक्षसी शक्तिया कुछ समय तो प्रकृति और मनुष्य सहित देवताओं को परेशान तो कर सकती है लेकिन उनका अंत होता ही है। श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर लक्कड़गंज में पंचम दिवस वैद्यनाथ ज्योर्तिलिंग की पूजा और अभिषेक यजमान कान्ता शर्मा (दादी), महेन्द्र शर्मा, दिव्यांश शर्मा, द्वारा किया गया।

मुख्य आचार्य पं. विनोद दुबे ने कहा कि महाराष्ट्र के परली और बिहार की चिताभूमि दो जगह वैद्यनाथ ज्योर्तिलिंग की पूजा और अभिषेक होता है।



चिताभूमि में सावन मास में लाखों कावड़यि गंगा का जल लाकर भगवान शिव को चढ़ाते है और अपनी मनोकामना पूरी करने पर दोबारा आते है।

आचार्य पं. विनोद दुबे ने कहा कि वैद्यनाथ लिंग मूर्ति में धन्वंतरी और अमृत होने के कारण इसे अमृतेष्वर तथा धन्वंतरी भी कहा जाता है। उन्होंने कहा कि शिव भक्त रावण की बर्बादी का श्राप भी यही से शुरू हुआ। यही पर मार्केण्डेय ऋषि को शिवजी की कृपा से जीवनदान मिला। उनकी अल्पायु को यमराज की पकड़ से शिवजी ने मुक्त किया था। उनकी स्मृति में यहां मार्केण्डेय सरोवर बना हुआ है।

## राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोहागपुर

राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस 2025 को गरिमामय रूप में मनाने के लिए बुधवार को नगर परिषद सोहागपुर के सभाकक्ष में बैठक की गई। एसडीएम अनिल कुमार जैन की अध्यक्षता में हुई बैठक में नगर में स्वतंत्रता दिवस को मनाने के संबंध में विभिन्न विभागों को दायित्व सौंपे गए व कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। इस दौरान सोहागपुर जपं अध्यक्ष जालम सिंह पटेल, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल, जपं उपाध्यक्ष राघवेंद्र रघुवंशी, नप उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज व पार्षद आशीष विश्वकर्मा तथा रविशंकर उईके, पूर्व पार्षद राकेश चौरसिया, नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा, बीईओ राकेश कुमार उईके, बीआरसीसी राकेश रघुवंशी, महिला एवं बाल विकास से रंजना गोस्वामी, अभिनव पालीवाल आदि उपस्थित रहे।

### स्मार्ट मीटर की अनिवार्यता की जाए समाप्त:निशांत वर्मा

**सीहोर।** शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष निशांत वर्मा के नेतृत्व में राष्ट्रपति के नाम कलेक्ट्रोरेट कार्यलय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर निशांत वर्मा ने कहा कि सीहोर जिले में कुछ प्राईवेट कंपनियो द्वारा शासन की बिना अनुमति से स्मार्ट मीटर जबरजस्ती घरो में लगाये जा रहे है, जो कि व्यक्ति की लोकतांत्रिक अधिकारो के प्रतिकूल है। उक्त स्मार्ट मीटरों का देश के नागरिकों द्वारा पुरजोर विरोध किया जा रहा है, क्योंकि यह स्मार्ट मीटर खपत से अधिक बिल दे रहे हैं। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने भी इस प्रकार के स्मार्ट मीटर की अनिवार्यता को समाप्त कर निर्णय दिया है कि जब तक उचित उपभोक्ता सुरक्षा, बिलिंग पादर्शिता और त्रुटिसुधार तंत्र लागू न हो जाते तब तक इनकी अनिवार्यता समाप्त की जाये। राज्यपाल से मांग की गई मध्यप्रदेश में भी इस प्रकार के स्मार्ट मीटर की अनिवार्यता को समाप्त की जावे।

## बुधनी रेलवे लाइन की पहाड़ी पर दिखा तेंदुआ

सीहोर के बुधनी क्षेत्र में प्रकृति का आनंद लेने गए लोगों को एक अनोखा नजारा देखने को मिला। तालपुरा के तीसरी रेलवे लाइन के ऊपर पहाड़ी पर एक तेंदुआ आराम करता दिखाई दिया। तेंदुए को देखकर लोग हैरान रह गए और कई लोगों ने अपने मोबाइल कैमरे में उसे कैद कर लिया। मृगन्नाथ बाबा के नाम से प्रसिद्ध इस स्थल पर तालपुरा की तीसरी रेलवे लाइन के ऊपर स्थित पहाड़ी पर एक तेंदुआ आराम फरमाता हुआ दिखाई दिया। प्रकृति का आनंद लेने आए पर्यटकों के लिए यह एक अविस्मरणीय क्षण बन गया, जब उन्होंने इस शानदार वन्य प्राणी को अपनी आंखों के सामने देखा। घटना की विशेष बात यह रही कि तेंदुआ बिल्कुल शांत था और उसने किसी भी तरह का आक्रामक व्यवहार नहीं दिखाया। कई पर्यटकों ने इस अनूठे क्षण को अपने मोबाइल कैमरों में कैद कर लिया, जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। बुधनी के एसडीओ सुकृति ओसवाल ने इस घटना की पुष्टि करते हुए एक महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि बुधनी वन परिक्षेत्र रातापानी अभ्यारण से जुड़ा हुआ है, जिसके कारण यहां शेर, तेंदुए, भालू जैसे वन्य जीवों का आना-जाना लगा रहता है। यह क्षेत्र वन्य जीवों के लिए एक प्राकृतिक गलियारे के रूप में कार्य करता है। इस घटना के बाद वन विभाग ने एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक सूचना जारी की है। विभाग ने लोगों से आग्रह किया है कि वे वन क्षेत्र में बिना उचित अनुमति के प्रवेश न करें। साथ ही, अपनी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वन्य जीवों के प्राकृतिक आवास में अनावश्यक हस्तक्षेप से बचें।



## खबर संक्षेप




### 7 जर्जर स्कूल भवन तोड़े गए

**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए बुधवार को जिले के 7 जर्जर स्कूल भवनों को तोड़ने की कार्यवाही की गई। इस दौरान जिले के ग्राम कमताड़ी, मोहनपुर, खमलाय, बोंडगांव, धुरगाड़ा व गुल्लास में स्थित शासकीय जर्जर स्कूल भवनों को तोड़ा गया। इसके अलावा ग्राम बमनगांव में किचनशेड तोड़ने की कार्यवाही भी की गई।

### नवागत थाना प्रभारी मनोज दुबे ने लिया चार्ज



**रहटगांव।** नवागत थाना प्रभारी मनोज दुबे द्वारा बुधवार को थाना क्षेत्र के कोटवारों के साथ महत्वपूर्ण बैठक ली गई। जानकारी के मुताबिक पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे के निर्देश पर बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी मनोज दुबे ने बताया कि ग्राम कोटवार अपने ग्रामों में चोरी रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे रात्रि के दौरान दो-दो घंटे भी ड्यूटी निभाएंगे। उन्होंने सभी को समझाइए दी की क्षेत्र में कोई संदिग्ध व्यक्ति मिले या व्यक्ति दिखे तो सबसे पहले थाने में सूचना दें। थाना प्रभारी द्वारा व्यापारी मंडल की कार्यकारिणी से भी मिले। उन्होंने ग्राम में बाजार चौक में व्यापारियों से अपने में प्रतिष्ठानों में कैमरे लगाने पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि पुलिस हमेशा आमजन के साथ रहेगी।

### डीडीआरसी दे रहा सेवा

**हरदा।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन शक्तिकरण कारण विभाग द्वारा घर पहुंच सेवा लगातार जारी है। जानकारी देते हुए उपसंचालक सामाजिक न्याय कमलेश सिंह ने बताया की दिव्यांग करण सिंह सावनेर पिता सीताराम सावनेर निवासी ग्राम तहसील गोंदागांव तहसील टिमरनी के निवासी है। जिनका हादसे में एक पैर चला गया है। विभाग के पूरा मामला विभाग के संज्ञान में आते ही विभाग द्वारा समस्त दस्तावेजो का परीक्षण किया एवं देश दस्तावेज कार्य पूर्ण किया। पश्चात जिला चिकित्सालय में पहुचकर दिव्यांग को फोल्डिंग वॉकर बेड पर ही प्रदान किया गया।

### प्रवेश के लिए 13 अगस्त तक करें आवेदन

**हरदा।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय चारूवा की कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिये निःशुल्क पंजीयन प्रारम्भ हो चुके हैं। प्राचार्य पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय चारूवा ने बताया कि वर्ष 2026 में आयोजित होने वाली इस प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिये ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। अब विद्यार्थी 13 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदक विद्यार्थी की जन्म तिथि 1 मई 2014 से 31 जुलाई 2017 के बीच होना चाहिए। आवेदन हरदा जिले का मूल निवासी होना चाहिए तथा हरदा जिले के किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय अथवा मान्यता प्राप्त विद्यालय में सत्र 2025 में कक्षा 5 वीं में उत्तीर्ण किया जाना अनिवार्य है। उन्होने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र की सुविधा का लाभ प्राप्त करने के लिये विद्यार्थी को 3री, 4थी और 5 वीं ग्रामीण क्षेत्र में स्थित विद्यालय से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

### तीसरी नेशनल लोक अदालत 13 सितंबर को

**हरदा।** जिले में लंबित तथा प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण करने के लिये 13 सितंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय, हरदा तथा तहसील न्यायालय, टिमरनी और खिरकिया में किया जावेगा। नोडल अधिकारी जयदीप सिंह ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य सिविल और आपराधिक शमनीय प्रकरण मामले रखेंगे।

---

#### नशे से दूरी है जरूर, नशा मुक्ति जनजागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न

# समाज को नशा मुक्त बनाना है तो दो स्तरों पर कार्य करना होगा: एसपी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा।

पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत बुधवार को पुलिस कण्ट्रोल रूम हरदा में नशा मुक्ति जनजागरूकता समापन कार्यक्रम का आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में "नशा मुक्त समाज का निर्माण" करने की पहल की गई। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिक, ग्राम नगर रक्षा समिति सदस्य, कॉलेज एवं स्कूल के छात्र-छात्राएं, पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम में कंट्रोल रूम हरदा के स्टाफ ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक श्री चौकसे ने कहा कि "नशा करने वालों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। यदि हमें समाज को नशा मुक्त बनाना है तो हमें दो स्तरों पर कार्य करना होगा, एक, वे लोग जो पहले से नशे के शिकार हैं, और दूसरा, वे लोग जो नशे की ओर आकर्षित हो सकते हैं। उन्होने कहा कि इन दोनों ही वर्गों के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करना आवश्यक है। पुलिस अधीक्षक श्री चौकसे ने बताया कि "यह कार्यक्रम तभी सफल माना जाएगा जब नागरिक अपने आसपास के नशे के शिकार लोगों को पहचानकर उन्हें जागरूक करें और पुनः मुख्य धारा में लाने का प्रयास करें। समाज की सहभागिता के बिना यह लड़ाई अधूरी है। कार्यक्रम में 15 से 30 जुलाई तक आयोजित इस अभियान मे नुक्कड़ नाटक, चित्रकला, रंगोली के माध्यम से आमजन को जागरूक करने वाले छात्र छात्राओं को मेडल व प्रमाण पत्र प्रदाय किये गए। यह जनजागरूकता कार्यक्रम युवाओं और आमजन को नशे के विरुद्ध संगठित करने की दिशा में एक सराहनीय कदम रहा। पुलिस विभाग द्वारा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन कर जागरूकता को और अधिक व्यापक रूप दिया जाएगा।

### प्रतियोगिता विजेताओं को किया सम्मानित नागरिकों को दिलाई गई शपथ



**खंडवा।** नशा ही नाश का द्वार है केवल मजबूत इच्छा शक्ति से ही नशे से मुक्ति संभव है। यह बात नशामुक्ति जागरूकता अभियान के समापन अवसर पर किशोर कुमार सभागृह में आयोजित कार्यक्रम में महापौर अमृता अमर यादव ने कही। जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी सुदेश बानखेड़े, कलेक्टर ऋषव गुप्ता, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय, जिला पंचायत सीईओ नागार्जुन बी. गौड़ा, सहायक कलेक्टर कृष्णा सुशीर, नगर निगम अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र तारणेकर, डॉ. नीता मालवीय सहित विभिन्न अधिकारी, विद्यार्थी और जागरूक नागरिक उपस्थित थे। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है, जिसने कई परिवारों को बर्बाद किया है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रूप से अभियान चलाने और नशीले पदार्थों की बिक्री रोकने की आवश्यकता बताई। कलेक्टर ने कहा कि थोड़े समय की खुशी के लिए लोग नशे के जाल में फंस जाते हैं। उन्होंने अभिभावकों और बच्चों के बीच संवाद बनाए रखने की आवश्यकता जताई और विद्यार्थियों से अपील की कि वे नशीले पदार्थों के साथ-साथ सोशल मीडिया और ऑनलाइन गेमिंग से भी दूरी बनाएं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नशीले पदार्थ बेचने वालों की शिकायत पुलिस से करें। नगर निगम अध्यक्ष ने युवाओं से अपील की कि वे अपनी ऊर्जा सकारात्मक कार्यों में लगाएं। डॉ. नीता मालवीय ने बताया कि नशा तन, मन और धन सभी के लिए घातक है। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गायत्री राठौर, द्वितीय लक्ष्मी नारायण राजपूत, तृतीय खुशी पटेल को प्राप्त हुआ। चित्रकला में प्रथम हरम हुसैन, द्वितीय समीक्षा पालीवाल, तृतीय संजना बिलाहे रहीं। स्लोगन में प्रथम महक पाल, द्वितीय भूमिका दिलावरे, तृतीय यश उपाध्याय रहे। रंगोली में प्रथम आरती जगताप, द्वितीय दामिनी कनाडे रहीं। जूनियर वर्ग में निबंध में प्रथम शबाना एजाज, चित्रकला में प्रथम राम यादव, द्वितीय अयान, तृतीय हसनेन अली, स्लोगन में प्रथम देवराज महेश, द्वितीय मोहम्मद आदिल तथा रंगोली में प्रथम अभिलाषा रहीं। नशा मुक्ति अभियान में उत्कृष्ट कार्य के लिए आरक्षक अरविंद, उप निरीक्षक सुभाष नावडे, भीमराव अटकडे, यातायात प्रभारी संदीप पंवार, नगर निगम के मोहन राकाड़े, दिव्य शर्मा, पूर्वक रामटेके और उदय सामाजिक संस्था के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई।

---

#### 10,108 क्यूमेक्स पानी का डिस्चार्ज, डाउनस्ट्रीम क्षेत्रों में

## इंदिरा सागर डैम के गेट 3 मीटर तक खोले, ओंकारेश्वर में नर्मदा घाट डूबे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा।

बुधवार सुबह इंदिरा सागर डैम के 12 गेटों की ऊंचाई 1.5 मीटर से बढ़ाकर 3 मीटर कर दी गई, जिससे डैम से छोड़े जा रहे पानी की मात्रा दोगुनी होकर 8268 क्यूमेक्स पहुंच गई। पावर स्टेशन से 1840 क्यूमेक्स अतिरिक्त मिलाकर कुल 10,108 क्यूमेक्स पानी का डिस्चार्ज किया जा रहा है। डैम का जलस्तर 259.94 मीटर है और बिजली उत्पादन पूरी क्षमता से जारी है। इंदिरा सागर परियोजना प्रमुख अजीत कुमार के अनुसार, जलाशय में कुल प्रवाह लगभग 13,000 क्यूमेक्स है। जलस्तर स्थिर बनाए रखने के लिए गेटों से पानी छोड़ने की मात्रा बढ़ाई गई। मंगलवार को गेट 1.5 मीटर तक खुले थे, जिन्हें बुधवार से 3 मीटर तक खोल दिया गया है।

### दुकानों को खाली कराया

इंदिरा सागर से छोड़े गए पानी का असर ओंकारेश्वर डैम पर पड़ा है। मंगलवार को ओंकारेश्वर डैम के 9 गेट खुले थे, जिसे बढ़ाकर 14 कर दिया गया है। अब डैम से 4172 क्यूमेक्स पानी गेटों से और 1896 क्यूमेक्स पावर हाउस से मिलाकर कुल 6068 क्यूमेक्स पानी छोड़ा जा रहा है। तेज बहाव के कारण ओंकारेश्वर में नर्मदा घाट जलमग्न हो गए हैं। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि घाट किनारे की सभी दुकानों को खाली कराया गया है। डाउनस्ट्रीम क्षेत्रों के गांवों में अलर्ट जारी कर ग्रामीणों को नदी किनारे से दूर रहने की चेतावनी दी गई है। प्रशासन ने बताया कि जलस्तर बढ़ने के कारण खतरा बना हुआ है।

### 24 घंटों में जिले में 34 मिमी औसत वर्षा

**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 34 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 31 मि.मी., टिमरनी में 42.6 मि.मी., खिरकिया में 38.6 मि.मी., सिराली में 25 मि.मी. तथा रहटगांव में 33 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 645.4 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 585.7 मि.मी., टिमरनी में 808.2 मि.मी., खिरकिया में 732.9 मि.मी., सिराली में 535.4 तथा रहटगांव में 564.9 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 30 जुलाई तक 403.3 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

---

#### सीएमएचओ डॉ. सिंह ने दस्तक अभियान के कार्यों का किया निरीक्षण

## 5 वर्ष तक के बच्चों की स्क्रीनिंग कर उपचार कर विटामिन 'ए' की दवा पिलाई जा रही



**हरदा।** बाल मृत्यु के प्रकरणों में कमी लाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा दस्तक अभियान प्रारम्भ किया गया। अभियान के तहत जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों में 5 वर्ष तक के बच्चों की स्क्रीनिंग कर समुचित उपचार किया जा रहा है तथा उन्हें विटामिन 'ए' की दवा भी पिलाई जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने बुधवार को ग्राम छीपानेर व गोंदागांव कला पहुँचकर दस्तक अभियान के तहत किये जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने उपस्थित एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व आशा कार्यकर्ता को निर्देशित किया कि कोई भी बच्चा स्वास्थ्य लाभ लेने से वंचित न रहें। स्वास्थ्य जांच के दौरान यदि कोई बच्चा गंभीर स्थिति में पाया जाता है तो उसे तत्काल जिला चिकित्सालय में इलाज के लिये रैफर करें। डॉ. सिंह ने अभियान के तहत गृह भेंट के दौरान बच्चों को ओआरएस एवं जिंक की गोल का वितरण भी किया। निरीक्षण के दौरान एमएनडीईओ मनीष शकरगाये भी मौजूद थे।

### विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत 7 अगस्त तक होंगी गतिविधियां

हर वर्ष एक से 7 अगस्त तक स्तनपान सप्ताह का आयोजन किया जाता है। विश्व स्तनपान सप्ताह के आयोजन का मूल उद्देश्य स्तनपान को बढ़ावा देना है, जिससे कि शिशुओं को सही पोषण मिल सके और उनका स्वास्थ्य एवं बौद्धिक क्षमता बेहतर हो सके। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने बताया कि इस वर्ष विश्व स्तनपान सप्ताह की थीम "इन्वेस्ट इन ब्रेस्ट फिडिंग इन्वेस्ट इन फ्यूचर" है। इस दौरान एक से 7 अगस्त के बीच जिला, विकासखण्ड एवं ग्राम स्तर पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उन्होने बताया कि 1 अगस्त शुक्रवार को सभी शासकीय अस्पतालों में स्तनपान सप्ताह का शुभारंभ किया जाएगा। अस्पतालों में आयोजित कार्यक्रम में एएनसी व ओपीडी में आने वाली गर्भवती व धात्री महिलाओं तथा वार्ड में भर्ती प्रसूताओं व बच्चों की माताओं को स्तनपान संबंधी समझाईश दी जाएगी।

सीएमएचओ डॉ. सिंह ने बताया कि इस वर्ष दस्तक अभियान में विश्व स्तनपान सप्ताह को एक प्रमुख थी आधारित गतिविधि के रूप में शामिल किया गया है। विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत जिले के सभी शासकीय प्रसव केन्द्रों में पदस्थ मेडिकल एवं पैरामेडिकल स्टॉफ, प्रसूताओं को नवजात शिशु को जन्म के तुरन्त बाद स्तनपान कराने के लिये प्रेरित करेंगे। इस दौरान उन्हें यह समझाया जाएगा कि बच्चे को जन्म से 6 माह तक केवल स्तनपान ही कराया जाए, अन्य कोई ऊपरी आहार न दिया जाए। उन्होने बताया कि स्तनपान सप्ताह के दौरान टीकाकरण सत्रों का आयोजन कर स्तनपान संबंधी जनजागरूकता गतिविधियां सुनिश्चित की जायेगी। गभर्वती एवं धात्री माताओं को संतुलित पौष्टिक आहार लेने एवं एनीमिया की रोकथाम हेतु आयरन फोलिक एसीड की गोलियों के सेवन की सलाह दी जाएगी। बच्चे जो स्तनपान करने में असमर्थ हो या ऐसी प्रसूता माता जिन्हें स्तनपान कराने में कठिनाई हो, उन्हें स्वास्थ्य रेफर किया जायेगा।

---

#### प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन, घुसपैठियों पर कार्रवाई की मांग

## अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद ने निकाली रैली जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग



**खंडवा।** बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रवीण तोगड़िया के चित्रयुक्त बैनर तले रैली निकाली गई। रैली के बाद कलेक्ट्रेट परिसर में नारेबाजी करते हुए कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन अपर कलेक्टर काशीराम बड़ौले को सौंपा। ज्ञापन में परिषद ने देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग की है। साथ ही देश में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों पर कठोर कार्रवाई की बात कही गई है। परिषद ने कहा कि हिंदुओं के त्योहारों और शोभायात्राओं पर लगातार हमले हो रहे हैं। बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में दंगे और पहलगाम की आतंकी घटना को हिंदू समाज पर हमला बताया गया। ज्ञापन में कहा गया कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हुए हमले भी जनसंख्या असंतुलन का परिणाम हैं। देश में तेजी से बढ़ती जनसंख्या के पीछे बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठिए मुख्य कारण हैं। परिषद ने छांगुर जैसे विदेशी धन पर धर्मांतरण कराने वाले गिरोहों को भी हिंदू समाज के लिए खतरा बताया और इनके विरुद्ध विशेष ऑपरेशन चलाने की आवश्यकता जताई। ज्ञापन में कहा गया कि हिंदू समाज अपने धार्मिक पर्वों, सांस्कृतिक मूल्यों और अस्तित्व पर हो रहे हमलों के कारण गंभीर संकट की स्थिति में है। विशेष समुदाय की तेजी से बढ़ती जनसंख्या को परिषद ने हिंदुओं के लिए बड़ा खतरा बताया। परिषद ने भारत सरकार से मांग की है कि कोई व्यक्ति एक या अधिक पत्नियों से दो से अधिक संतान पैदा करता है, तो उसे आजीवन कारावास की सजा दी जाए। साथ ही ऐसे व्यक्ति को मिलने वाली सभी शासकीय सुविधाएं बंद की जाएं और उसका मताधिकार समाप्त किया जाए।

### स्वतंत्रता दिवस पर विद्यार्थियों को मिलेगा विशेष भोज

**हरदा।** आगामी 15 अगस्त को प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत शासकीय एवं शासन से अनुदान प्राप्त समस्त प्राथमिक शालाएं, मदरसे एवं माध्यमिक शालाओं में विद्यार्थियों के विशेष भोज का आयोजन किया जाएगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती सविता झानिया ने सभी एसडीएम, जिला परियोजना समन्वयक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत व मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश जारी किये हैं। उन्होने निर्देशित किया है कि विशेष भोज में विद्यार्थियों को सब्जी, पूरी, खीर अथवा सब्जी, पुरी, हलवा तथा इसके साथ लड्डू का वितरण किया जावे। इस अवसर पर जनसहयोग प्रदान करने वाले नागरिक तथा जनप्रतिनिधियों को भी अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जावे। यदि जनप्रतिनिधि भी जनसहयोग करना चाहें तो उनसे भी सहयोग प्राप्त किया जावे तथा जनसहयोग से प्राप्त राशि को 15 अगस्त को होने वाले विशेष भोज पर ही व्यय किया जावे।

### मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के परिजन पंहुचे ओंकारेश्वर, मंदिर ट्रस्ट ने किया स्वागत



**खंडवा।** ओंकारेश्वर मध्यप्रदेश सरकार के केबिनेट मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता कैलाश विजयवर्गीय के पुत्र तथा भाजपा के युवा नेता आकाश विजयवर्गीय बुधवार को सायं 4 बजे परिवार सहित पवित्र तीर्थ ओंकारेश्वर पहुंचे। यहां उन्होंने ज्योतिर्लिंग भगवान ओंकारेश्वर के दर्शन कर विधिपूर्वक पूजन-अर्चन किया और प्रदेशवासियों के कल्याण एवं शिवभक्ति में समृद्धि की कामना की। मंदिर ट्रस्ट की ओर से ट्रस्टी श्री राव जंगबहादुर सिंह ने आकाश विजयवर्गीय एवं उनके परिवार का आत्मीय स्वागत किया। उन्हें भगवान ओंकारेश्वर का स्मृति चिन्ह, शॉल एवं पुष्पमाला भेंट कर सम्मानित किया गया। दर्शन के अवसर पर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं, भाजपा कार्यकर्ताओं और शिवभक्तों की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम में बड़वाह नगर पालिका अध्यक्ष राकेश गुप्ता, समाजसेवी प्रज्योत दुबे तथा भाजपा के कई स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने एक साथ दर्शन कर भगवान ओंकारेश्वर का आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु मंदिर ट्रस्ट द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। आकाश विजयवर्गीय के आगमन पर ओंकारेश्वर नगर में उत्सव जैसा वातावरण बन गया।

---

#### उन्नत कृषि यंत्रों के लिए आवेदन आमंत्रित

## हैप्पी, सीडर और स्मार्ट सीडर के लिए मिलेगा अनुदान

**खंडवा।** ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर हैप्पी सीडर, सुपर सीडर एवं स्मार्ट सीडर यंत्रों के लिए किसानों से 24 जुलाई से आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। प्राप्त आवेदनों के आधार पर लक्ष्य निर्धारित किया जाएगा और हितग्राहियों का चयन लॉटरी पद्धति से किया जाएगा। सहायक कृषि यंत्री के अनुसार, आवेदन के साथ किसान को स्वयं के बैंक खाते से 4500 रुपये का डिमांड ड्राफ्ट संबंधित जिले के सहायक कृषि यंत्री के नाम से संलग्न करना अनिवार्य होगा। बिना धरोहर राशि के आवेदन मान्य नहीं किया जाएगा। किसान पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के साथ बी-1 की प्रति, ट्रैक्टर की आरसी, बैंक पासबुक, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। जिन किसानों की कृषक आईडी बनी है, वे ओटीपी के माध्यम से भी पंजीयन कर सकते हैं। अनुदान राशि की अधिकतम सीमा सुपर सीडर के लिए 1 लाख 20 हजार, हैप्पी सीडर के लिए 86 हजार 400 और स्मार्ट सीडर के लिए 90 हजार 200 रुपये निर्धारित की गई है।

---

#### चैनपुर पुलिस ने ऐसे ही अवैध कारोबार का पर्दाफाश किया

## सीमाओं से हो रही अवैध-शराब की तस्करी, रात में घुसपैठियों की आवाजाही बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

सीमावर्ती क्षेत्रों से इस अंचल में अवैध-शराब की तस्करी पुलिस और आबकारी विभाग के गले की फांस बन गई है। रात के अंधेरे में घुसपैठिये अन्य क्षेत्रों से यहाँ देसी-विदेशी शराब पहुंचाने में सफल हो रहें हैं। हालांकि चैनपुर पुलिस ने ऐसे ही अवैध कारोबार का पर्दाफाश किया है। जिसमें शराब बरामदगी के साथ ही एक आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस की कार्रवाई से तस्करों में हडकंप की स्थिति है,लेकिन उन पर नकेल कसने के लिए यह प्रयास नाकाफी है। क्योंकि इस आदिवासी अंचल की भौगोलिक-स्थिति शराब-तस्करों के लिए स्वर्ग है। इसी का लाभ लेकर रात के अंधेरे में शराब-तस्करी परवान चढ़ रही है। गौरतलब है कि इस तहसील की दक्षिणी सीमा महाराष्ट्र सहित बुरहानपुर जिले के धूलकोट और नेपानगर आदि से जुड़ी हुई है। जबकि पूर्वी सीमा पंधाना एवं छैगांव माखन से और उत्तरी सीमा भीकनगांव एवं बमनाला से और पश्चिमी सीमा खरगोन सहित भगवानपुरा तहसील मुख्यालय के सीमावर्ती बिस्टान और सिरवेल क्षेत्र से सटी हुई है,जो घुसपैठियों के लिए सुरक्षित है।

### रात के अंधेरे में होता है परिवहन

क्षेत्र की चारों ओर की किसी भी सीमा से घुसपैठिये यहाँ आकर अपने मंसूबों को पूरा कर रहें हैं। जिससे अवैध-कारोबार फल-फूल रहा हैं और घुसपैठिये यहाँ बेरोकटोक आवाजाही कर रहें हैं। यहाँ तक कि इंदौर या अन्य इलाकों से भी शराब माफिया यहाँ आसानी से शराब-विक्रय कर लौट जाते हैं। जबकि आबकारी विभाग की फिलहाल कोई उल्लेखनीय सफलता प्रकाश में नहीं आ सकी है और बड़े-तस्कर उनकी गिरफ्त से बाहर हैं। इस सवाल का जबाब फिलहाल नहीं मिल पा रहा है। इसलिए आबकारी और पुलिस के संयुक्त प्रयासों के बगैर इन पर नियंत्रण संभव नहीं हैं।

**शासकीय ठेकेदार आर्थिक संकट में-** अधिकृत शासकीय ठेकेदार के निकटस्थ सूत्रों ने बताया कि सरकारी खजाने में करोड़ों रुपये जमा करने के बाद भी उन्हें आर्थिक संकट के दौर से गुजरना पड़ रहा है। जिससे उन्हें शासन का भुगतान करना मुश्किल हो रहा है। उल्लेखनीय है कि इस वित्तीय-वर्ष के शुरूआती दौर में सिंडिकेट के कथित बलात-कब्जे के बाद से उनकी आर्थिक-स्थिति चरमरा गई है। सूत्रों के अनुसार स्थानीय ठेकेदार की यहाँ भाटिया पेट्रोल पम्प के पास,इंदिरा कालोनी, चिरिया और सीमा से सटी ग्राम सतवाडा (भीकनगांव) में है।

**व्यवसायिक-प्रतिस्पर्धा से बिगड़े हालात -** इस वर्ष थानों का परिसीमन हुआ था और चैनपुर के 4 गाँव छिल्टिया,इगरिया,अगास्या और मवासिया भीकनगांव थाने में शामिल कर दिए गए है। जिससे दोनों ठेकेदारों के मध्य व्यवसायिक-प्रतिस्पर्धा से निरंतर आपसी-विवाद बढ़ रहा था,जिससे कानून-व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव हो रहा था। लेकिन आबकारी और पुलिस विभाग के हस्तक्षेप से मामला शांत हो सका था।

अभी हाल ही में समीपवर्ती ग्राम रतनपुर के समीप पुलिस की जांच में कई राज खुलने की संभावनाएं व्यक्त की जा रही है। जिसमें 135 लीटर देशी-विदेशी शराब (मूल्य रु.68हजार) बरामद की गई थी। इस घटना के जांच अधिकारी अनिल निंगवाल ने बताया कि मामले में विवेचना जारी है और इसके बाद सम्पूर्ण स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।